गोरा बैठ मेरी नंदी पर

गोरा बैठ मेरी नंदी पर सैर पर्वत की करा दूंगा,
सैर पर्वत की करा दूंगा, सैर पर्वत की करा दूंगा,
गोरा बैठ मेरी नंदी पर सैर पर्वत की करा दूंगा॥

दिल का ला दूंगा गोरा री तुझे बिंदिया ला दूंगा,
टीका बिंदी पहन शौक तेरे पूरे करा दूंगा,
गोरा बैठ मेरी नंदी पर सैर पर्वत की करा दूंगा॥

जूते ला दूंगा गोरा री तुझे नथनी ला दूंगा,
झुमके नथनी पहन शौक तेरे पूरे करा दूंगा,
गोरा बैठ मेरी नंदी पर सैर पर्वत की करा दूंगा॥

हरवा ला दूंगा गोरा री तुझे माला ला दूंगा,
हरवा माला पहन शौक तेरे पूरे करा दूंगा,
गोरा बैठ मेरी नंदी पर सैर पर्वत की करा दूंगा॥

तगड़ी ला दूंगा गोरा री तुझको गुच्छा ला दूंगा,
तगड़ी गुच्छा पहन शौक तेरे पूरे करा दूंगा,
गोरा बैठ मेरी नंदी पर सैर पर्वत की करा दूंगा॥

पायल ला दूंगा गोरा री तुझे बिछुवे ला दूंगा,
पायल बिछुआ पहन शौक तेरे पूरे करा दूंगा,
गोरा बैठ मेरी नंदी पर सैर पर्वत की करा दूंगा॥

लहंगा ला दूंगा गोरा री तुझे चुनरी ला दूंगा,
लहंगा चुनरी पहन शौक तेरे पूरे करा दूंगा,
गोरा बैठ मेरी नंदी पर सैर पर्वत की करा दूंगा॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26280/title/gaura-baith-meri-nandi-par

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |